विरोध — फूल मंडी के सामने और कैमोर के बाजार क्षेत्र स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग

# बाजार क्षेत्र में शराब दुकान संचालन का विरोध

**नवभारत, कटनी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फूल मंडी के सामने संचालित हो रही एक शराब दुकान को लेकर विवाद गहरा गया है। ओबीसी महासभा ने इस दुकान को नियमों के विरुद्ध बताते हुए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। महासभा का आरोप है कि जिस स्थान पर यह शराब दुकान खोली गई है, वह जमीन अंजुमन की है। उनका कहना है कि संवेदनशील और शैक्षणिक माहौल वाले क्षेत्र में शराब दुकान का संचालन पूरी तरह से गलत है। सौंपे गए ज्ञापन में ओबीसी महासभा ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। महासभा का कहना है कि विभाग ने बिना किसी जमीनी जांच-पड़ताल और क्षेत्र की संवेदनशीलता को नजरअंदाज करते हुए दुकान खोलने की अनुमति दी है, जिससे स्थानीय



जनता में भारी आक्रोश है। ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष रामरतन नामदेव ने बताया कि दुकान के ठीक पास अंजुमन स्कूल स्थित है, जहां रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। स्कूल के ठीक सामने मुख्य शासकीय जिला अस्पताल है, जहां चौबीसों घंटे महिलाओं, बच्चों और गंभीर मरीजों का इलाज के लिए आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने आगे बताया कि पास में ही शहर की प्रसिद्ध चौपाटी है, जहां देर रात तक परिवार आते हैं। यह मुख्य रेलवे स्टेशन का मार्ग भी है, जिससे यात्रियों की भारी आवाजाही रहती है।

महासभा ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा पर बड़ा खतरा बताया है, उनका कहना है कि पूर्व में भी इस क्षेत्र में ऐसी घटनाएं हुई हैं।

### कैमोर दुकन का भी विरोध

शहर के अलावा जिले के कैमोर की शराब दुकान का भी विरोध हो रहा है। कैमोर के लालनगर क्षेत्र निवासी अभय परौहा ने शिकायत में बताया है कि कैमोर के मुख्य बाजार महिला मार्केट खलवारा स्थित शराब दुकान के कारण स्थानीय नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, छात्राओं और व्यापारियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

आरोप है कि शराब दुकान घनी आबादी और बाजार क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। शराब सेवन करने वाले व्यक्तियों द्वारा कई बार सार्वजनिक स्थानों पर अनुचित व्यवहार, शोर-शराबा और असामाजिक गतिविधियां देखने को मिलती हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सम्मान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा इस क्षेत्र में अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थल, शैक्षणिक संस्थान भी स्थित हैं। शराब दुकान की उपस्थिति से क्षेत्र का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, स्थानीय नागरिकों में असंतोष व्याप्त है।

महिला मार्केट क्षेत्र में आने वाली महिलाओं को असुविधा और असुरक्षा की भावना का सामना करना पड़ता है। शिकायत में मांग की गई है कि जनहित, महिला सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मुख्य बाजार महिला मार्केट खलवार से शराब दुकान को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि क्षेत्र की सभी महिलाओं, व्यापारियों और सहित आम नागरिक को राहत मिल सके। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में शराब दुकान संचालन होने से वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी होती है, इसके अलावा क्षेत्र में पैकारियों के माध्यम से भी अवैध शराब बेची जा रही है।




# प्राथमिकता के आधार पर करें समस्या का समाधान

**जनसुनवाई में महापौर ने सुनीं शहरवासियों की समस्याएं**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे। इस दौरान निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहे, जिससे नागरिकों को अलग-अलग शाखाओं के चक्कर नहीं लगाने पड़े और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। जनसुनवाई के दौरान महापौर ने आवेदन को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने पेयजल, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, राजस्व और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण किया जा सके। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए। जनसुनवाई के दौरान वेंकट वार्ड से आए दिव्यांग नागरिक अजय निषाद शारीरिक असुविधा के कारण सभागार तक नहीं पहुंच सके। इसकी जानकारी मिलते ही महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी स्वयं नीचे पहुंचीं और उनसे मुलाकात कर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। अजय निषाद ने राशन पर्ची में नाम दर्ज कराए जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई, जिस पर मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई।

## एक नजर में

### 5 से 31 जून तक चलेगा विशेष अभियान

**नवभारत, कटनी।** विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य 5 जून से 21 जून तक जिले में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक विकासखण्ड व नगरीय निकायों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर 21 जून तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान में पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के पौधारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए नोडल विभाग पर्यावरण विभाग रहेगा। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग इस अभियान को क्रियान्वित कराएंगे। अभियान के दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के लिए ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्र के लिये नगरीय विकास आवास विभाग नोडल विभाग रहेगा। शासकीय कार्यालय भवन, स्कूल भवन, में स्वच्छता अभियान चलेगा।

# संशोधित नियमों के अनुसार होंगे डीएमएफ के कार्य

**वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुडे कलेक्टर और अधिकारी**

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना 2024 के नए नियमों के परिप्रेक्ष्य में खनिज संसाधन विभाग के सचिव आलोक सिंह, संचालक फ्रेंक नोबल ए ने मंगलवार को वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर को निर्देश दिए। वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग में भारत सरकार के निर्देश पर डीएमएफ के नियमों में किए गए संशोधन के संबंध में बताया गया। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित सहित डीएमएफ शाखा से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी वर्चुअली जुड़े थे। वीडियों कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना 2024 के संबंध में 14 मई 2026 को राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। जिसके तहत अब डीएमएफ के कार्य कराए जाएंगे। नए नियमों के अनुसार अब डीएमएफ की राशि से मुख्य खनिज की खदानों से 15 किमी की परिधि में प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में और 25 किमी की परिधि में अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने वाले क्षेत्र में काम कराए जाएंगे। डीएमएफ की 70 प्रतिशत राशि का उपयोग उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र में और 30 प्रतिशत अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र में करना होगा। उच्च प्राथमिकता क्षेत्र में अतिरिक्त रूप से आवास, कृषि और पशुपालन का क्षेत्र शामिल किया गया है। डीएमएफ की वार्षिक प्राप्ति का 70 प्रतिशत प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र में उपयोग करना होगा। बैठक में बताया गया कि नए नियमों के अनुसार डीएमएफ की वार्षिक प्राप्ति 10 करोड़ से अधिक होने पर प्राप्ति का 10 प्रतिशत अक्षय निधि के रूप में रखे जाने का प्रावधान है।

# सरकारी जमीन पर खेती कर रहे गरीब परिवारों से दबंग कर रहे गुंडागर्दी

**कलेक्टर से ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से की शिकायत**

**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से यहां पहुंचे 158 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके,



जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान खल्वारा बाजार कैमोर निवासी पुनीत केवट ने बताया कि 25 मई 2026 को बिना किसी ओटीपी या पासवर्ड शेयर किए मेरे बैंक खातों और एयरटेल पेमेंट बैंक से 2 लाख 24 हजार की अवैध निकासी कर ली गई है। इस पर कलेक्टर ने जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए शिकायत को पुलिस अधीक्षक को भेजा है। इसी प्रकार तहसील स्लीमनाबाद के रहने वाले 64 वर्षीय बुजुर्ग मेलचन्द्र साहू ने वृद्धावस्था पेंशन शुरू कराने का आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ को पात्रतानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम कौड़िया के निवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से शासकीय भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र के कुछ दबंग लोग गुंडागर्दी के दम पर उनकी जमीन से उन्हें बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं।

कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्धारित समय में कार्रवाई कर शिकायत का निराकरण करने कहा है।

# तीन महीने से नहीं किया राशि का भुगतान, परिवार पर आर्थिक संकट

**आशा-ऊषा संगठन ने कलेक्ट्रेट के बाहर किया विरोध प्रदर्शन**

**नवभारत, कटनी।** जिले में आशा-ऊषा महिला संगठन की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पिछले तीन महीनों से रुकी हुई प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग को लेकर किया गया।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 20 मई से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा



कटारे के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लगभग छह घंटे तक धरना दिया और प्रशासनिक तंत्र के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के मिशन संचालक के नाम एक विस्तृत ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने बताया कि पिछले तीन महीनों से प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। अल्प मानदेय पर कार्यरत इन महिलाओं को अपने परिवारों का भरण-पोषण करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन को भुगतान संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया था। हालांकि, लंबे समय तक कोई ठोस समाधान नहीं निकलने के कारण संगठन को यह प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी मांगें तत्काल पूरी नहीं की गईं, तो वे 20 मई 2026 से पूरी तरह से कार्य बंद कर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल की जाएगी।

# शिविर में पशुओं की जांच कर किया इलाज, दी गई दवाएं

**पशुपालन जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन और उपसंचालक पशुपालन डॉ आरके सोनी के मार्गदर्शन में विकासखंड रीठी की ग्राम पंचायत बरयारपुर अंतर्गत ग्राम मढ़िया में क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत पशुपालन जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में पशुपालन जागरूकता, बांझपन निवारण, पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण, उन्नत नस्ल सुधार, चारागाह विकास




और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। 38 पशुपालकों ने शिविर में सहभागिता कर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, औषधि वितरण, बांझपन उपचार और गर्भ परीक्षण संबंधी कार्य किए गए। साथ ही पशुपालकों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों, संतुलित पशु आहार और स्वच्छ अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। पशुपालकों ने शिविर में मिली सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए नियमित रूप से शिविर लगाने के लिए कहा।

# आदिवासियों ने लगाया पुश्तैनी जमीन छीनने का आरोप

**आदिवासी परिवार के सदस्यों ने किया विरोध प्रदर्शन**

**नवभारत, कटनी।** आदिवासी परिवारों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया। वन विभाग द्वारा उनकी जमीनों के अधिग्रहण की तैयारी से नाराज इन परिवारों ने जिला प्रशासन और वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनके भू-अधिकार पट्टे वापस नहीं दिलाए गए, तो वे पीछे नहीं हटेंगे। जिले के रीठी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ललितपुर का है।




ज्ञापन में बताया गया कि वे सभी गरीब और भूमिहीन आदिवासी हैं, जो मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आदिवासी परिवारों को जीवनयापन के लिए विधिवत जमीन का पट्टा आवंटित किया गया था। पीड़ित परिवार इस आवंटित जमीन पर वर्ष 1989 से लगातार काबिज हैं और खेती कर अपनी जीविका चला रहे हैं। आरोप है कि अब वन विभाग उनसे यह पुश्तैनी जमीन जबरन छीन रहा है, जिससे उनके सामने रहने और खाने का संकट खड़ा हो गया है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर मुख्यमंत्री की अभद्र टिप्पणी के खिलाफ धरना प्रदर्शन, जताया विरोध

**कांग्रेस ने कचहरी चौराहे में किया विरोध प्रदर्शन**

**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कचहरी चौराहे में विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधीवादी तरीके से विरोध दर्ज कराने के लिए भाजपा कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन वहां ताला लटका होने की वजह से उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी।



कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनका ऐसा करने के पीछे उनका इरादा ये था कि भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को फूल भेंट कर भाषा की मर्यादा याद दिलाई जाए, लेकिन जब वहां पर ताला लटका मिला तो सभी शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता कचहरी चौराहे पर एकत्रित हो गए और वहां शांतिपूर्ण ढंग से धरने पर बैठ गए। इस प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल भी वहां पर तैनात रहा। धरने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित शुक्ला ने मुख्यमंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक संवैधानिक और बेहद जिम्मेदार पद है, इसलिए उस पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना बिल्कुल शोभा नहीं देता। आपको बतादें कि कुछ समय पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए उन्हें मोहन लाल अभिनंदन यादव कहकर पुकारा था। इस पर सीएम ने एक शाजापुर जिले में कहा था कि हां हम तो अभिनंदन लाल हैं, तुम टपोरी लाल हो। इसी भाषा को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों का कहना है कि संवैधानिक पदों पर बैठे जनप्रतिनिधियों को भाषा की मर्यादा को ध्यान में रखकर बयान देना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, पूर्व मंत्री राजमणि पटेल, रजनी वर्मा, राजेश जाटव, जितेन्द्र गुप्ता, अजय जैसवानी, मंगल सिंह, कमलेश यादव, आनंद पटेल, राकेश गुड्डू द्विवेदी, राम मुलवानी, आदिता वर्मा, मारूफ अहमद हनीफ, अहमद कुरैशी, नारायण निषाद, संदीप यादव, इमरान खान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन — भाजपा जिला संगठन प्रभारी ने मंडल की बैठकों में दिया मार्गदर्शन, 12 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

# राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करती है भाजपा, अंतिम व्यक्ति को मिल रहा लाभ

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने अपने दो दिवसीय जिले के प्रवास के दौरान विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों में सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। 1 जून को जिला मंडल और मोर्चा पदाधिकारियों की जिला कार्यशाला में शामिल होने के बाद 2 जून को उन्होंने जिले के दो मंडलों की बैठकों में भाग लेकर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन भी उपस्थित रहे। बैठकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 5 जून




से 21 जून तक आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मंडलों में कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए और टोली गठन सहित संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन ने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ की सुदृढ़ संरचना के कारण ही भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे मजबूत राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा, समर्पण और दायित्व बोध के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यक्रम जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना से प्रेरित है। संगठन की कार्ययोजना का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा, सुशासन और विकास के संदेश को पहुंचाना है। बैठकों की श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी न्यू कटनी मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री आशीष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री और मंडल प्रभारी सुखदेव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी, मंडल अध्यक्ष कौशलेश मिश्रा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात मुड़वारा विधानसभा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनसंपर्क अभियान, टोली गठन और विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार चक्रवर्ती ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रवि खरे, मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद, मनीष दुबे, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला की उपस्थिति रही।

# हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार, चार ने किया सरेंडर

**पुलिस रिमांड पर की जा रही आरोपियों से पूछताछ**

**नवभारत, कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत क्षेत्र से पुलिस ने एक हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 2 मई 2026 को फरियादी द्वारा थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वो खेत देखने गया था तब उसने देखा की उसके खेत में सागौन के पेड कटे थे तो वह उसकी वीडियो बना रहा था तभी वहां पर राजभान यादव खेत में आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जब वह चिल्लाया तो राजभान यादव के लडके पप्पू यादव, लालू यादव, अंतु उर्फ अमित यादव और सचिन यादव अपने ट्रेक्टर से आए और उसके साथ राड से हमला कर दिया। बीच बचाव करने के लिए



उसकी मां सीता कनौजिया और पिता जीवनदीन कनौजिया भी आ गए। इसी दौरान राजभान यादव ने सब्बल और पप्पु यादव ने मां पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसके कारण उसकी मां जमीन में गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गई।

आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खिरहनी गांव खेत के पास से आरोपी राजभान यादव को पकड़ लिया। जिसके बाद संदीप यादव, सचिन यादव, लालू यादव और अमित यादव द्वारा न्यायालय में सरेंडर कर दिया गया।

जिस पर पुलिस रिमांड लेकर आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सुदेश कुमार, एसआई सौरभ सोनी, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर पटेल, शेख यूसुफ, लखन पटेल, आरक्षक विवेक झारिया, साइबर सेल से अजय साकेत की भूमिका रही।